कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बालोद (छ0ग0)

पत्र क्रं./ DMF/ संविदा भर्ती/2019/ 5910 बालोद/दिनांक 18/10/2019

दिनांक 18/10/2019 को जिला बालोद अंतर्गत विज्ञापित अस्थायी संविदा भर्ती के भिन्न – भिन्न पदों पर विज्ञापन प्रकाशन की सूचना।

----0000----

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के विज्ञप्ती कमांक/एन.एच.एम/संविदा भर्ती विज्ञापन/2019/5900 बालोद दिनांक 18/10/2019 के अनुसार खनिज न्यास निधि अंतर्गत रिक्त अस्थायी संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित कर दिनांक 30/10/2019 तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन बंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पुराना जिला अस्पताल परिसर में आमंत्रित किये जा रहे है। तत्संबंध में समस्त पदों, चिकित्सकीय विशेषज्ञ, स्टाफ नर्स, वार्ड ब्वाय एवं वार्ड आया पर विज्ञापन प्रकाशन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल एवं जिले के वेब पोर्टल पर उपलब्ध है।

अभ्यर्थी विज्ञापन का प्रारूप इस कार्यालय के सूचना पटल में या बालोद जिले के वेब पोर्टल **www.balod.gov.in** में देख व डाउनलोड कर सकते है।

संलग्न :– विज्ञापन का प्रारूप।

18/10/19

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला बालोद (छ.ग.)

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–बालोद,(छ.ग.)

(फौव्वारा चौक, पुराना जिला चिकित्सालय भवन, भूतल, बालोद)
Email-cmobalod@gmail.com

क./डी.एम.एफ./संविदा भर्ती विज्ञापन/2019/5900 बालोद, दिनांक 18.10.2019

//विज्ञप्ति//

जिला चिकित्सालय बालोद एवं 100 बिस्तर मातृ शिशु केन्द्र में जिला खनिज न्यास निधि से विशेषज्ञ चिकित्सक, स्टॉफ नर्स एवं चतुर्थ श्रेणी के निम्न पदों की पूर्ति हेतु कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालोद में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है :–

तालिका अ

क्र	पद का नाम	पदो की संख्या	मासिक वेतन मान एकमुश्त	शैक्षणिक योग्यता	चयन प्रक्रिया	आवेदन का तरीका	रिमार्क
1	स्त्रीरोग विशेषज्ञ	01अनारक्षित	200000/ रूपये	Essential :- 1. MBBS & post Graudate Degree/ Diploma in the concerned Specialty 2. Recognised in the Medical Council of India 3. Recognised With the CG Medical Council of India Desirable :- Experience 0-3 yrs after PG Degree/Diploma	चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से	आवेदन प्रारूप के साथ समस्त दस्तावेज सीधे अथवा healthbalod@gmail.com में दिनांक 30/10/19 तक भेज एवं जमा कर सकते है।	आयु 01.01.2019 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा 60 वर्ष
2	निश्चेतना विशेषज्ञ	01अनारक्षित	200000/ रूपये				
3	मेडिसिन विशेषज्ञ	01अनारक्षित	200000/ रूपये				
4	स्टॉफ नर्स	कुल 30पद अनारक्षित–14 (म.–04), अजजा–09 (म.–02), अ.पि.व.–04 (म.–01)., अजा–03	10000/ रूपये	बी.एस.सी. नर्सिग अथवा जी.एन.एम. कोर्स एवं छ.ग. नर्सिग रजिस्ट्रेशन काऊसिल का जीवित पंजीयन	शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का 90 प्रतिशत अंक व पद से संबंधित शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान में कार्यक्षेत्र का अनुभव–अधिकतम 10 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक)	दिनांक 30/10/19 को शाम 05:30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से।	आयु 01.01.2019 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष

5	वार्ड ब्वाय	08 पद (अनारक्षित–04 , ओ.बी. सी–01, अजजा–2, अजा–1	5000/ रूपये	आठवी पास	मेरिट आधार पर (90 प्रतिशत अंक शैक्षणिक योग्यता, 10 प्रतिशत अंक पद से संबंधित अनुभव)	दिनांक 30/10/19 को शाम 05:30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से।	**ग्रेडिग पद्वति संबंधी अंकसूची के साथ कुल पूर्णांक व प्राप्ताक एवं प्रतिशत से संबंधित दस्तावेज अनिवार्य रूप से संलग्न करें।**
6	वार्ड आया	03 पद (अनारक्षित–01 , ओ.बी. सी–01, अजजा–1	5000/ रूपये	आठवी पास			

टीप :– 1. विज्ञापन का प्रारूप एवं विज्ञापन से संबंधित विस्तृत दिशानिर्देश जिले की वेबसाइट www.Balod.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

2. विशेषज्ञ पद हेतु निर्धारित तिथि तक आवेदन नही मिलने की स्थिति में प्रत्येक सोमवार को 03:00 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालोद में वॉक–इन इन्टरव्यू का आयोजन किया जावेगा। जिसमें उपरोक्त पद से संबधित विशेषज्ञ संपूर्ण दस्तावेज के साथ सीधे सम्मिलित हो सकते है।

नोट :–

1. उक्त पदों पर नियमानुसार शासन द्वारा जारी नियमों/निर्देशों के अनुसार आरक्षण क्षैतिज व प्रवर्गवार (Horizantal and Compartmentaized Reservation) महिलाओं/विकलांग/भू.पू. सै. /के लिये आरक्षण लागू होगा। छ.ग. शासन द्वारा समय–समय पर जारी विशेष आरक्षण नियम एवं शर्तें लागू होंगे।
2. निशक्तजन हेतु कुल दो पद (स्टाफ नर्स हेतु) आरक्षित हैं। उक्त पद पर योग्य प्रतिभागी नही मिलने कि दशा में समिति द्वारा विधिवत निर्णय लिया जावेगा।
3. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से तथा प्रमाण पत्र विज्ञापन दिनांक को धारित होना अनिवार्य है।

भाग - ब

आवेदन संबंधी दिशा निर्देश :–

1. आवेदक आवेदन का प्रारूप जिले के वेबसाइट www.balod.gov.in से डाउनलोड कर सकते है।
2. **आवेदन निर्धारित प्रारूप में पूर्णतः भरकर बंद लिफाफे में तालिका ब अनुसार पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 30/10/19 को शाम 05:30 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालोद में आमंत्रित किया जाता है। नियत तिथि के पश्चात /साधारण डाक/कोरियर व अन्य माध्यम एवं सीधे प्राप्त हुये आवेदन पत्रो को स्वीकार नही किया जावेगा। आवेदक आवेदन करते समय लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम (Name of Post) जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है एवं संवर्ग का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। (विशेषज्ञ पद को छोड़कर)**
3. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण भरे आवेदन पत्रों को निरस्त करते हुए चयन प्रक्रिया में शामिल नही किया जावेगा।
4. उक्त समस्त पद संविदा एवं पूर्णतः अस्थायी है, जिन्हे किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है।
5. अभ्यर्थी द्वारा अलग–अलग पदों पर आवेदन करने की स्थिति में पदवार पृथक आवेदन करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन मान्य नही किया जावेगा।
6. विशेषज्ञ चिकित्सक को छोड़कर शेष पदों हेतु जिले के अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।
7. विज्ञापित जिन पदों में नर्सिंग/पैरामेडिकल कॉन्सिल में जीवित पंजीयन मांगा गया है उन पदों हेतु जीवित पंजीयन अनिवार्य होगा। अभ्यार्थियों द्वारा जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही किये जाने की स्थिति में अपात्र किये जावेगे।

8. आयु सीमा – न्यूनतम 18 वर्ष तथा विशेषज्ञ पद हेतु अधिकतम 60 व शेष पदों हेतु अधिकतम 35 वर्ष।
9. **आवश्यक दस्तावेज :– आवेदक आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न करें :–**
    1. जन्म तिथि के संबंध में प्रमाण हेतु दस्तावेज।
    2. निर्धारित न्यूनतम शैक्षिणिक योग्यता अनुसार सभी वर्षो की अंकसूची/संबंधित डिग्री/इंटर्नशीप/पंजीयन प्रमाण पत्र।
    3. सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदाय जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग हेतु)
    4. सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदाय छत्तीसगढ़ मूल निवास प्रमाण पत्र।
    5. छ.ग. कॉन्सिल पंजीयन का जीवित प्रमाण पत्र जिन पदों हेतु लागु है संलग्न करना आवश्यक है।
    6. जिला रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन अनिवार्य है। (विशेषज्ञ पद को छोंड़कर)
    7. अनुभव प्रमाण पत्र –
        A. जिन पदो में अनुभव मांगा गया है, अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय संस्थान एवं सार्वजनिक संस्थानों तथा शासकीय वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थानों/उपक्रम का ही मान्य होगा। अनुभव प्रमाण पत्र में अनुभव की अवधि का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने तथा कार्यालयीन जावक क्रमांक नहीं होने पर अनुभव प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगा तथा शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करने के उपरांत प्राप्त अनुभव के आधार पर अनुभव के अंक मान्य की जायेगी। अनुभव में अंकों की गणना एवं एक संस्था में एक पद पर 12 माह पूर्ण होने पर ही एक वर्ष का अंक दिया जावेगा। 12 माह से कम अनुभव होने पर अंकों की गणना नहीं की जावेगी।
        B. अनुभव विज्ञापित पद से संबंधित होने पर ही मान्य किया जावेगा, जिसके संबंध में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में सर्वाधिकार चयन समिति के पास सुरक्षित होगा।
        C. अनुभव प्रमाण पत्र के साथ नियोक्ता का नियुक्ति आदेश संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिसके बिना अनुभव के अंको की गणना नही की जावेगी।

    उक्त अभिलेखों का एक स्वप्रमाणित सेट अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा तथा सत्यापन हेतु मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।
10. आवेदक को आवेदन संबंधित एवं चयन प्रक्रिया संबंधित सभी सूचना जिले के वेबसाइट www.balod.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल के माध्यम से समय–समय पर उपलब्ध करायी जावेगी। इसके अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से सूचना नही दी जावेगी।

भाग – स
भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा निर्देश

11. सभी पद पूर्णतः अस्थायी है।
12. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नही होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जाँच की जावेगी, इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
13. संविदा मानदेय :– प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार की भत्ता/सुविधा देय नही होगा। **(विशेषज्ञ पद को छोड़कर)**
14. उपरोक्त संविदा अवधि 31 मार्च 2020 तक के लिये होगी, कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त अवधि की वृद्धि की जा सकती है। नियमित भर्ती किये जाने पर संविदा पद स्वतः निरस्त हो जायेंगे।
15. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् किसी भी समय नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जाएगा।

16. विशेष आरक्षण अर्हता रखने वाले (विकलांग/भूतपूर्व सैनिक/महिला आरक्षण नियमानुसार होगी) अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उससे संबंधित दस्तावेज संलग्न किये जाने होंगे। अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में प्रमाण पत्र संलग्न न होने की स्थिति में सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा।
17. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी से स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
18. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने के स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।
19. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का Performance Appraisal नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
20. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेंगे।
21. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रकिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगा।
22. उक्त पद के लिये प्रवर्गवार प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी जिसकी वैधता जारी दिनांक से एक वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रकिया संपन्न होने जो पहले से हो तक रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नए पद/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इसी प्रतीक्षा सूची से भरा जा सकेगा।
23. चयन प्रकिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रकिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा। तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।
24. आवेदको को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है। निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी स्तर से जारी प्रमाण पत्र मुलतः लाना होगा। (विशेषज्ञ पद को छोड़कर)
25. अभ्यार्थियों को आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकांए।
26. अभ्यर्थी को आवेदन करने अथवा साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय देय नही होगा।
27. शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यार्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापति प्रमाण पत्र आवेदन पत्र में सलंग्न करना अनिवार्य होगा।
28. भर्ती की प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा आधार पर कलेक्टर जिला बालोद का होगा। जो सभी आवेदको को मान्य होगा।
29. उपरोक्त पदो पर भविष्य में समस्त निर्णय शासी परिसर के अधीन होगें।
30. प्रशासकीय कारणो से अधिसुचित रिक्तियों में पदो की संख्या घटाई या बढाई जा सकती है या निरस्त भी किया जा सकता है। जिसका अधिकार चयन समिति/नियोक्ता का होगा।
31. उक्त पदों पर चयन जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जावेगा।
32. आरक्षण – जिले में प्रचलित रोस्टर पद्वति के अनुसार आरक्षण का प्रावधान लागु किया जावेगा।
33. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं चयन प्रकिया एवं परिणाम कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बालोद के सुचना पटल एवं जिले के वेबसाईट www.balod.gov.in पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार से जानकारी नही दी जावेगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–बालोद (छ.ग.)

आवेदन पत्र

स्व प्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–बालोद, (छ.ग.)

01. आवेदित पद का नाम :–.....

02. आवेदक का पुरा नाम (हिन्दी में) :–.....

(अग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) :–.....

03. पिता/पति का नाम :–.....

04. जन्मतिथि (अंको में) :–.....

शब्दों में :–.....

05. दिनांक 01/01/2019 की स्थति में आयु वर्ष ..... माह.....दिन.....

06. रोजगार कार्यलाय का नाम :–.....

पंजीयन क्रमांक व दिनांक :–.....

07. वर्तमान पता :–.....

:–.....

:–.....

मोबाइल नंबर :–.....

ई–मेल आईडी :–.....

08. स्थाई पता :–.....

:–.....

09. जाति–अना./अजा/अजजा/अपिव :–.....

10. लिंग (महिला/पुरूष) :–.....

11. क्या शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत है :–.....

क्रमशः.....

12. शैक्षणिक योग्यता :–

क्र.	परीक्षा का नाम	विषय	बोर्ड / वि.वि.नाम	परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत
01	02	03	04	05	06	07	08

14. तकनीकी योग्यता :–

क्र.	परीक्षा का नाम	विषय	बोर्ड / वि.वि.नाम	परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत
01	02	03	04	05	06	07	08

15. कार्यनुभव (यदि हो तो उल्लेख करें) :–

क्र	कार्यालय का नाम	पदनाम	कार्यावधि	रिमार्क

संलग्न दस्तावेज की सूची:–

1. ..... 6. .....
.....
2. ..... 7. .....
.....
3. ..... 8. .....
.....
4. ..... 9. .....
.....
5. ..... 10. .....
.....

आवेदक का हस्ताक्षर

घोषणा पत्र

"मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं पूर्ण है तथा आवेदित पद के लिए मैं निर्धारित योग्यता रखता/रखती हूं। मुझे जानकारी है कि इसमें दी गई जानकारी या सूचना गलत, असत्य, अपूर्ण पायी जाने पर उक्त पद हेतु मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त की जा सकती है एवं मेरे विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है, जो मुझे मान्य होगी।"

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान... .....

नाम ——————————

दिनांक.....

पता ——————————